# आग का तांडव : कैथल, रोहतक, जींद और सोनीपत में किसानों की फसल जली

## कैथल में 53, जींद में 25, रोहतक में 20 और सोनीपत पांच एकड़ में गेहूं खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव बाबा लदाना में रविवार को अचानक गेहूं की फसल में लगी आग से करीब 53 एकड़ खड़ी फसल जलकर राख हो गई। यह आगजनी की घटना गांव बाबा लदाना और बुढ़ा खेड़ा के बीच हुई, जिसमें बाबा लदाना के किसानों की फसल जल गई। दोनों गांवों के बीच एक रजबाहा है, जिसके नजदीक खेतों में आग लगी। आग दोपहर को करीब दो बजे लगी। जैसे ही पास से गुजर रहे लोगों ने खेतों में आग देखी तो तुरंत किसानों और फायर ब्रिगेड का इसकी सूचना दी। गांव के लोग ट्रैक्टर व हैरो लेकर खेतों में पहुंच गए। दो कैथल व एक एक कलायत और धैनारी से फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में लग गए। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### आग बुझाने पहुंचे किसान

हालांकि अभी तक आगजनी के कारणों का पता नहीं लग पाया है, लेकिन फायर ब्रिगेड के अधिकारी आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।



### एसडीएम से मिले किसान, हरसंभव मदद का आश्वासन

अनुमान लगाया जा रहा है कि यह आग या तो कहीं पर शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है या फिर कहीं से कोई चिंगारी खेतों में गिरी, जिसने इतने क्षेत्र में खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी की इस घटना में किसान रतना बाबा लदाना की 18 एकड़, जयभगवान की 6 एकड़, सुमेरचंद की चार एकड़ गेहूं, सीता राम की 8 एकड़, जगदीप सिंह की चार एकड़, संदीप की डेढ़ एकड़, सीता राम की ढाई एकड़, पीपी सैनी की चार एकड़ व प्रवीन की तीन एकड़ व अन्य किसानों की फसल जल गई। आगजनी की सूचना मिलने पर कैथल के एसडीएम गांव बाबा लदाना पहुंचे तथा आगजनी से प्रभावित किसानों से बातचीत की। उन्होंने किसानों को सरकार की ओर से हर संभव मदद दिलाने का भी आश्वासन दिया।

### जींद : आगजनी से नाराज किसानों ने रोड जाम किया



**जींद।** गांव लोहचब के लोगो ने शार्ट सर्किट से गेहूं के खेतों में आग लगने तथा फायर बिग्रेड के देरी से पहुंचने से खफा हो कर जींद - सफीदो मार्ग पर जाम लगा दिया। किसानों के बिफरने की सूचना पाकर एसडीएम सत्यवान मान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हरसंभव सहायता का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। लगभग पौना घंटे लगे जाम के कारण वाहन चालकों तथा यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव लोहचब तथा आस पास गांव के किसानों का गुस्सा रविवार शाम को उस समय फूट पड़ा जब गांव लोहचब के खेतो मे शार्ट सर्किट सें आग भड़क उठी। वहीं सोनीपत में आग से फसल जल गई।

### रोहतक : भैयापुर में तारों से निकली चिंगारी से आग लगी

वहीं रोहतक जिले के भैयापुर गांव से बोहर रोड पर खेतों में खड़ी गेंहू की फसल में रविवार को आग लग गई। सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग लगने के कारण 24-25 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर करीब सवा एक बजे खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों से चिंगारी निकली जो पकी हुई फसल में गिरी। इसी चिंगारी के कारण आग लगी।

# आयुष्मान योजना का भुगतान अटका, निजी अस्पताल संचालक बोले- ऐसे इलाज संभव नहीं

■ चार-पांच माह से लंबित भुगतान पर आईएमए नाराज, मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आयुष्मान भारत योजना के तहत हरियाणा में निजी अस्पतालों को भुगतान में हो रही देरी के कारण मरीजों को आने वाले दिनों में बड़ा झटका लग सकता है। निजी अस्पताल संचालकों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने लंबित भुगतान को लेकर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर जल्द समाधान की मांग की है। आईएमए हरियाणा की प्रधान डॉ. सुनीला सोनी और पूर्व प्रधान डॉ. अजय महाजन ने बताया कि चार से पांच माह पहले जारी किए जाने वाले भुगतान भी अभी तक नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार के हस्तक्षेप के बाद करीब 230 करोड़ रुपये जारी करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन यह राशि अब तक अस्पतालों को नहीं मिली है।

### 500 करोड़ से अधिक का भुगतान लंबित

आईएमए पदाधिकारियों के अनुसार, प्रदेश में लगभग 500 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान लंबित है। सितंबर 2025 से लेकर अब तक के क्लेम अटके हुए हैं। कई बार आपत्तियों का जवाब देने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया, जिससे अस्पताल संचालकों में असंतोष बढ़ रहा है।

### इंपैनल्ड अस्पतालों में बढ़ी नाराजगी

भुगतान में लगातार देरी के कारण कई निजी अस्पताल आयुष्मान योजना से बाहर होने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ अस्पताल संचालकों ने इंपैनल्ड सूची से नाम वापस लेने के लिए पत्र भी लिख दिए हैं। 7 अप्रैल को हुई ऑनलाइन बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए सामूहिक रूप से योजना से अलग होने का निर्णय लिया गया।

### 20 अप्रैल तक अल्टीमेटम

आईएमए ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 20 अप्रैल 2026 तक भुगतान और अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो निजी अस्पतालों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत सेवाएं जारी रखना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इलाज का जल्द भुगतान करें।

### कमेटियों में शामिल न करने पर सवाल

आईएमए ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद संगठन के प्रतिनिधियों को 'एम्पैनलमेंट और ग्रीवेंस कमेटी' में शामिल नहीं किया गया है। पिछले पांच महीनों में इन समितियों की बैठक भी नहीं हुई है, जिससे समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा।आईएमए पदाधिकारियों का कहना है कि भुगतान में देरी के चलते तकनीकी समस्याएं बढ़ गई हैं, जिसके कारण नेशनल हेल्थ अथॉरिटी का पोर्टल भी प्रभावित हुआ है। इस संबंध में भी प्राधिकरण के सीईओ को पत्र भेजा गया है। वहीं आईएमए हरियाणा की प्रधान डॉ. सुनीला सोनी ने कहा कि हम लगातार सरकार और प्राधिकरण के संपर्क में हैं, लेकिन समय पर भुगतान नहीं मिलने से अस्पतालों पर आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में योजना के तहत सेवाएं जारी रखना कठिन होता जा रहा है।

### संत कबीर कुटीर में जनता दरबार



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं व अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

## खरीद व उठान धीमा होने से टूट रहा अन्नदाता का हौसलाः गुप्ता



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने राज्य के किसानों पर दोहरी मार पड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एक ओर अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद और उठान धीमा है, जिससे अन्नदाता परेशान होकर सड़कों पर बैठने को मजबूर है, वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार द्वारा 'खाद राशनिंग' लागू कर किसानों के साथ बड़ा अन्याय किया जा रहा है।डॉ. गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की मंडियों में 20 लाख टन से अधिक गेहूं की आवक हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में यह संख्या और बढ़ने की संभावना है। इसके बावजूद मात्र 49 हजार टन गेहूं का उठान होना सरकार की प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। उन्होंने जींद और फतेहाबाद की मंडियों में सामने आए 'नमी स्कैम' का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सरकारी मीटरों में 6% तक अधिक नमी दिखाकर किसानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जहां निजी मीटरों में नमी 11-12% दिखाई देती है, वहीं सरकारी मीटरों में इसे 16-17% दर्शाया जा रहा है।

## अनिल विज ने ऊर्जा, परिवहन और श्रम विभाग में तबादलों पर रोक लगाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम विभागों जैसे अहम विभागों के मंत्री और वरिष्ठ नेता अनिल विज ने साफ कर दिया है कि उनके विभागों में अधिकारियों और कर्मियों के तबादले, अतिरिक्त प्रभार आदि उनकी बिना अनुमति के नहीं किए जाएं। विज ने इस तरह के आदेश एक नोट के माध्यम से बिजली कंपनियों के एमडी, एसीएस और श्रम के साथ साथ परिवहन विभाग में भी भेजे हैं। विज ने स्थानांतरण बिना बताए होने और विभागों में बिना वजह के हस्तक्षेप को लेकर इस तरह के आदेश जारी किए हैं। विज के आदेशों के बाद में साफ कर दिया गया है कि अगर आदेशों की अवहेलना की गई, तो इस तरह के जिम्मेदार अफसरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।कैबिनेट विज नें अपने अधीन आने वाले विभागों और उर्जा, परिवहन, श्रम प्रशासनिक अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं।

इंडस्ट्रियल प्लाटों के री अलॉटमेंट का मामला

## अफसरों पर कसेगा शिकंजा सीबाआई ने तेज की जांच

■ नियमों को ताक पर रखकर 14 प्लाट आवंटित करने का आरोप

**चंडीगढ़।** एक दशक से ज्यादा समय बीत जाने के बाद औद्योगिक प्लाटों की बंदरबांट करने का मामला कुछ अफसरों के गले की फांस बनता नजर आ रहा है। सीबीआई हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (पूर्व में हूडा) के तत्कालीन मुख्य प्रशासक और तत्कालीन अफसरों पर शिकंजे की तैयारी में है। तत्कालीन मुख्य प्रशासक रहे डीपीआर नागल के विरुद्ध अभियोग चलेगा। लंबे समय से इंडस्ट्रीयल प्लाटों की पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार के वक्त में बंदरबांट का मामला अभी भी ठंडे बस्ते में नहीं गया है, बल्कि लगभग 13 साल के बाद भी उक्त पूरे मामले में शिकंजा कसने की तैयारी है। यहां पर बता दें कि 14 इंडस्ट्रियल प्लॉट पंचकूला में रीअलाट करने, नियमों को ताक पर रखने, अपने चेहतों को प्लाट आबंटित करने के कारण उक्त पूरे मामले में सीबीआई जांच के लिए हरियाणा सरकार ने लिखा था। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह सरकार के फैसलों पर अब एक बार फिर से सीबीआई शिकंजा कसने की तैयारी में हैं। बताया जा रहा है कि तत्कालीन हरियाणा शहरी विकास डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचयूडीए) के मुख्य प्रशासक और डीसी स्तर के अफसरों पर केस की तैयारी है। यहां पर याद रहे कि पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा के कार्यकाल में पंचकूला में 14 इंडस्ट्रियल प्लॉटों के आवंटन का मामला करीब 13 साल बाद सुर्खियों में आ गया है।



**2016 आगजनी केस :** युवाओं के रिहा होने पर कैप्टन अभिमन्यु को समाज के प्रतिनिधियों ने किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र जाट धर्मशाला में भाईचारा स्नेह मिलन समारोह**

# लाशों पर राजनीति करने वालों से समाज को सचेत रहने की जरूरत : कैप्टन अभिमन्यु

तरुण वधवा ▶▶ कुरुक्षेत्र

पूर्व वित्त मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की धरती उनके लिए प्रेरणादायक रही है। वे जब भी यहां आते हैं यहां से कुछ न कुछ प्रेरणा लेकर जाते हैं। यदि हम सब मिलजुकर काम करेंगे तो देश भी आगे बढ़ेगा, हरियाणा भी आगे बढ़ेगा और हमारा समाज भी आगे बढ़ेगा। कैप्टन अभिमन्यु रविवार को जाट धर्मशाला में भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। जाट आरक्षण के दौरान आगजनी के मामले में 57 युवकों के रिहा होने पर समाज के प्रतिनिधियों ने कैप्टन अभिमन्यु को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि वर्ष 2016 में जाट आरक्षण के दौरान षड्यंत्र रचे गए। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि अभिमन्यु को षड्यंत्रों की परवाह नहीं है। हजारों साल के बाद भी अभिमन्यु को इसलिए याद किया जाता है कि षड्यंत्र के बावजूद चक्रव्यूह में फंसकर भी वह शहीद कहलाया है, वह कायर नहीं कहलाया है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हमें चक्रव्यूह की परवाह नहीं है, लेकिन चक्रव्यूह में हमारा समाज है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि मिलजुल कर किसी भी षड्यंत्र का सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो नेता अपने समाज को हिंसा के रास्ते पर लेकर जाए वह नेता नेतृत्व करने के योग्य नहीं है। नौजवानों को हिंसा के लिए भड़काने वाला समाज का भला नही कर सकता है। लोगों की लाशों पर राजनीति करने वालों से समाज को सचेत रहने की जरूरत है। जो भी समाज को तोड़ने की कोशिश करे हमें ऐसे लोगों से अपनी पीढ़ी को बचाने की जरूरत है। ये आजाद हिंदुस्तान है। अपनी बात रखने का अधिकार जनता का भी है और विपक्ष का भी है। अपने बात उठानी भी चाहिए और उसके लिए संघर्ष करना भी चाहिए तभी लोकतंत्र स्वस्थ रहेगा।



कुरुक्षेत्र। जाट धर्मशाला में पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को सम्मानित करते प्रबुद्ध लोग। फोटो : हरिभूमि

## सर छोटू राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

समाज में भाईचारा मिटने से कहीं न कहीं आज कटुताएं बनी हुई हैं। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि बहुत सारी ऐसी राजनीतिक ताकत रहीं, जिन्होंने हरियाणा के समाज के भाईचारे के अंदर आपस के विश्वास को तोड़कर एक खाई बनाने का काम किया है। जिसने भी किया है, उसको जाति विरोधी नहीं, समाज विरोधी नहीं बल्कि मैं उनको मानवता विरोधी और देश विरोधी मानता हूं। इससे पहले समारोह में पहुंचने पर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने स्वागत किया। कैप्टन अभिमन्यु ने धर्मशाला में स्थापित सर छोटू राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उनके साथ समाजसेवी गुरदयाल कड़ामी, भाजपा के प्रदेश सचिव राहुल राणा व तुषार ढांडा मौजूद रहे। मंच संचालन प्रो. गुरमेज सिंह संधौर ने किया।

## समाज ने सिंधु परिवार का जताया आभार

समारोह में मौजूद जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद, भाजपा प्रवक्ता रविंद्र सांगवान, भाजपा के प्रदेश सचिव राहुल राणा, गुरदयाल कड़ामी, दयानंद देशवाल, तुषार ढांडा, राजेश ढांडा, डॉ. हवा सिंह, अभिमन्यु वीरू कड़ामी व गुरनाम मलिक सहित समाज के प्रबुद्ध लोगों ने एकमत से कहा कि जाट आंदोलन के दौरान कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार ने बहुत बड़ा नुकसान झेला। उन्होंने 36 बिरादरी के भाईचारे को बचाने के लिए खाप पंचायतों व अन्य संगठनों के कहने पर युवाओं को माफ करने का जो फैसला लिया वह उनकी सोच व व्यक्तित्व को दर्शाता है। इसके लिए सभी ने सिंधु परिवार का आभार जताया।

**हांसी के राधा स्वामी आश्रम में बैसाखी के अवसर पर सत्संग में उमड़े अनुयायी**

# सतगुरु के चरणों में बैठकर परमात्मा का बखान करने से मिलता है सत्संग का पूर्ण लाभ : कंवर जी महाराज


हांसी। आश्रम में सत्संग फरमाते परमसंत सतगुरु कंवर जी महाराज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जिस झूठी मान बड़ाई के लिए हम दिन रात पाप कमाते हैं उससे जुटाया गया एक तिनका भी हमारे साथ नहीं जाएगा। हम उन वस्तुओं के लिए कष्ट उठाते हैं जो यहीं रह जाएंगी। जो हमारे साथ जाएगा, उसके लिए तो हम प्रयास ही नहीं कर रहे। जो साथ जाएगा वो है परमात्मा का नाम। सतनाम के साथ ऐसी विरह पैदा करो जैसे पतंगा दीपक के लिए करता है, भंवरा फूल के लिए, चकोर चांद के लिए करता है। ये विरह तब तक नहीं आएगी जब तक मन के साथ चलोगे। ये विरह पैदा होगी गुरुमुखता के साथ। मन की नहीं गुरु की मानो और सत्कर्म करो। सतगुरु के चरणों में बैठकर परमात्मा के गुणों का बखान करने से सत्संग का पूर्ण लाभ मिलता है। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने रविवार को बैसाखी के अवसर पर भिवानी रोड स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाए। उन्होंने कहा कि बैसाखी कृषि कार्यों से जुड़े और भक्ति मार्ग पर चलने वालों के लिए पाक पवित्र दिन है। गुरु महाराज जी ने कहा कि कलिकाल में हालात बड़े विकट हैं। नशे की भरमार है। इंसान इंसान को धोखा दे रहा है। चरित्र का ह्रास होता जा रहा है। रिश्ते नातों की कद्र घटती जा रही है। ऐसे में सन्तों का सत्संग ही एकमात्र सहारा है।

## त्योहारों में छिपी भावना को अंतर्मन में उतारें

उन्होंने कहा कि पहले त्योहार हमारी परम्पराओं से जुड़े होते थे लेकिन अब तो जब देखो तभी त्योहार बनाने लग गए। जिस दिन पिता व मां का सम्मान होना चाहिए उन्हें भी फादर डे और मदर डे में बांध दिया गया। लेकिन अच्छी बात यह है की सभी त्योहार का मकसद एक ही है और वो है इंसानियत को जिंदा रखना, प्यार प्रेम को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि यदि त्योहार की छिपी भावना को हम अंतर्मन में भी उतार लें तो सोने पर सुहागा हो जाए। धर्म को कभी मत छोड़ो क्यूंकि धर्म ही आपको इस भावागार से पार करेगा।

# 60 लाख खर्च कर डंकी रूट से गया था अमेरिका, गोली लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

अमेरिका के जॉर्जिया में 27 मार्च को गोली लगने से समौरा गांव के 22 वर्षीय युवक चेतक शर्मा उर्फ लाखा की मौत होने के करीब 16 दिन बाद रविवार को उसका शव गांव में पहुंचा। शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



गौरतलब है कि चेतक सात महीने के जोखिम भरे डंकी रूट के बाद 2024 में अमेरिका पहुंचा था। मृतक के पिता सुनील ने बताया कि करीब 60 लाख रुपये खर्च कर उसे विदेश भेजा था। अमेरिका पहुंचने के बाद भी उसे तुरंत काम नहीं मिला। काफी प्रयास के बाद अमेरिका के जॉर्जिया में वह गुजरात के एक स्टोर मालिक के पास स्टोर कीपर की नौकरी पर लग गया। पिता ने बताया कि 27 मार्च की रात करीब 3 बजे चेतक के रूममेट व समौरा गांव निवासी का फोन आया कि चेतक की गोली लगने से मौत हो गई है। चेतक के ताऊ सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना से महज तीन घंटे पहले परिवार द्वारा आयोजित धार्मिक पाठ में चेतक ने वीडियो कॉल पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया था। इसके कुछ देर बाद ही जॉर्जिया के उनके कमरे में अचानक गोली लगने से उसकी मौत हो गई। सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि चेतक का शव गांव में लाने के लिए समौरा गांव के आसपास के गांवों के युवा जो अमेरिका मे रह रहे हैं, उन्होंने सहयोग किया है।

## धनपत सिंह के पिता की याद में शोक सभा

**चंडीगढ़।** पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त और वरिष्ठ आईएएस धनपत सिंह के पिता मक्खन लाल के निधन पर एक शोक सभा गुरुग्राम में की गई। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना के साथ-साथ सुबह हवन भी किया गया। इस दौरान प्रार्थना सभा में प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक क्षेत्र की हस्तियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। उनके पिता का 5 अप्रैल 2026 को निधन हो गया था। लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया मार्ग, गुरुग्राम में आयोजित प्रार्थना सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभा का आयोजन किया गया। आईएएस धनपत सिंह और उनके परिजनों ने इस दौरान पूज्य पिता को याद करते हुए पहुंचने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## वृंदावन नाव हादसे में यमुनानगर की बेटी लापता, सास बची

**यमुनानगर।** वृंदावन में 10 अप्रैल को हुए नाव हादसे में यमुनानगर के गांव असगरपुर निवासी 23 वर्षीय मोनिका भी शिकार हुई है। मोनिका की शादी तीन महीने पहले लुधियाना निवासी रजत के साथ हुई थी। मोनिका अपनी सास सविता के साथ वृंदावन घूमने के लिए गई थी। जहां पर नाव हादसे में मोनिका व उसकी सास पानी में डूब गई। सास सविता को बचा लिया गया, लेकिन हादसे के तीन दिन बाद भी मोनिका का कुछ भी पता नहीं चला। परिजन गांव वासियों के साथ वृंदावन में जाकर उसकी तलाश में जुटे हैं।



## बड़ौली ने भाजपा कार्यालय के बाहर सफाई अभियान चलाया

चंडीगढ़। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को पंचकूला में भाजपा कार्यालय के बाहर सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. आंबेडकर जयंती सप्ताह के अवसर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। भाजपा डॉ. आंबेडकर जयंती पूरे प्रदेश में मनाएगी। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को पंचकूला में प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम होगा जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, उन्होंने स्वर कोकिला आशा भोंसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# मासूम शर्मा को महिला आयोग और देहरादून पुलिस ने भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक/टोहाना

देहरादून में हरियाणवी गायक मासूम शर्मा के छात्रों व विधायक के सामने किसी को गाली देने का विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। थाना डोईवाला पुलिस ने मासूम शर्मा को नोटिस भेजकर 15 दिन में जवाब मांगा है। मासूम शर्मा के खिलाफ पौड़ी के श्रीनगर थाने में शिकायत दी गई है। डीएवी कॉलेज में आयोजित छात्र संघ समारोह में मासूम शर्मा ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। अगर मासूम शर्मा जवाब नहीं देते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। वहीं, हरियाणा महिला आयोग ने भी इस पर संज्ञात लेते हुए मासूम शर्मा को आयोग के सामने पेश होने के लिए समन जारी किया है। मासूम को 18 अप्रैल को महिला आयोग के सामने प्रस्तुत होकर सफाई देनी होगी। वहीं, टोहाना में पत्रकारवार्ता में मासूम शर्मा ने स्वीकार किया कि वे थोड़े गुस्सैल स्वभाव के हैं। मुझे जल्दी गुस्सा आ जाता है। अक्सर कार्यक्रमों के दौरान कुछ लोग इस तरह से उकसा देते हैं कि जवाब देना जरूरी हो जाता है।

## मशहूर मेवाती सिंगर असलम पर केस दर्ज

**कासिम खान/नूंह।** जिले में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और गैर-कानूनी सामग्री प्रसारित करने के मामले में नूंह साइबर थाना पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए मशहूर मेवाती सिंगर असलम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, यूट्यूब चैनल असलम सिंगर के एक गाने में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने वाली सामग्री पाई गई है। संबंधित गाने में अवैध हथियार रखने का महिमामंडन किया गया है।




